Regarding repair of roads in Azamgarh Parliamentary Constituency and availability of neurologist in district hospital

श्रीमती संगीता आजाद **(लालगंज) :** सर, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद । मेरे संसदीय क्षेत्र लालगंज, आजमगढ़ में दो प्रमुख सड़कें हैं, जो चार विधानसभाओं को प्रभावित करती है । भदूली से लेकर फूलपुर बेलवाई तक 54 किलोमीटर है और कप्तानगंज से अहिरौला मार्ग तक 23 किलोमीटर है, जो बहुत ही जर्जर स्थिति में हैं । इन सड़कों की दशकों से मरम्मत नहीं की गई है और आज के दिन भी बहुत ही दयनीय स्थिति है । मेरी सरकार से मांग है कि इन दोनों सड़कों का संज्ञान ले और इन पर धन आबंटित करके इनको बनवाने का काम करे ।

महोदय, इसके साथ ही पीएमजीएसवाई के तहत मेरे संसदीय क्षेत्र में 56 सड़कें हैं, जो फेस-1, फेस-2, फेस-3 के तहत चयनित की गई हैं, लेकिन दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि अभी तक केवल 8 सड़कें ही बन पाई हैं, बाकी सभी सड़कों का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है । सरकार से मेरा अनुरोध है कि सरकार अधिकारियों से जानकारी लेकर इन सभी सड़कों का काम तेजी से कराने का का कार्य करे । मैं यह भी मांग करती हूं कि मेरे जिला अस्पताल आजमगढ़ में न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर नहीं है, जिसके चलते वहां के मरीजों को प्राइवेट हॉस्पिटल में जाना पड़ता है । वहां पर बहुत धन खर्च होता है और बहुत परेशानी होती है । ? (व्यवधान)

माननीय सभापति **:** आपकी तीन बातें हो गई हैं ।

श्रीमती संगीता आजाद **:** सर, मेरी सरकार से मांग है कि जिला अस्पताल में न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर देने का काम करें । आपने मुझे बोलने का समय दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।